(121)

# दिनॉक 10.12.2021 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य/संस्थायें सम्मिलित हुए :-

1- श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।

2- श्री राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।

3- श्री आलोक पटेल, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।

4- श्री मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।

5- श्री रजनीश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।

6- श्री चन्द्रशेखर राव, सीनियर इंजीनियर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।

सर्वप्रथम बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में आवंटित ग्रामों की भूमि प्रस्ताव, की समीक्षा की गई, स्थिति निम्नवत् हैः-

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, लि0-**

1- मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, को आवंटित 555 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 457 ग्राम पंचायतों में भूखण्ड आवंटित किये जा चुके है, शेष 98 ग्राम पंचायतों में भूमि प्रस्ताव मिलना शेष है। जिस पर कार्यदायी संस्था मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, द्वारा भूमि की अनुपलब्धता की बात कही गयी। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेशिंग माध्यम से संबंधित उपजिलाधिकारियों को 4 दिन के अन्दर भूमि प्रस्ताव की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**मै0 एन0सी0सी0 लि0-**

1- कार्यदायी फर्म मै0 एन0सी0सी0 लि0 को आवंटित 327 ग्राम पंचायतो के सापेक्ष 311 ग्राम पंचायतों में भूखण्ड आवंटित किये गये। शेष 16 ग्राम पंचायतों में भूमि प्रस्ताव मिलना शेष है, जिस पर कार्यदायी संस्था मे0 एन0सी0सी0 लि0, द्वारा भूमि की अनुपलब्धता की बात कही गयी। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेशिंग माध्यम से संबंधित उपजिलाधिकारियों को 4 दिन के अन्दर भूमि प्रस्ताव की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

2- मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 46 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष प्रस्तुत किये, जिनकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता लखनऊ क्षेत्र द्वारा प्रदान की जा चुकी है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा उक्त 46 नग डी0पी0आर0 पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया जिसमें 45 नग डी0पी0आर0 की लागत 5 कारोड़ से कम होने के कारण उनकी स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दी गयी एवं 01 नग डी0पी0आर0 की लागत 5 करोड़ से अधिक होने के कारण संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया।

कमशः पेज 2 पर.....

Scanned by CamScanner

120

अतः बैठक में अनुमोदित उक्त सभी 46 नग डी0पी0आर0 निर्धारित प्रारूप पर संस्तुति सहित अग्रेतर कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्मों मे0 (लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मै0 एन0सी0सी0 लि0) को अपने–अपने दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये।

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
सीतापुर
(सदस्य सचिव)

जिला पंचायत राज अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिला विकास अधिकारी,
सीतापुर(सदस्य)

मुख्य विकास अधिकारी,
सीतापुर(सदस्य)

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)

पृ0 संख्याः 10 / कैम्प JSM / दिनॉक 10 /12/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
5– सिन्सेस टेक लि0(टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
7– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम(ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner